80. Bhutan conferred the 'Order of the Druk Gyalpo', its highest civilian honour to the Prime Minister of which one of the following country in December 2021 ?
(A) India (B) Mongolia
(C) Nepal (D) Thailand

81. As per Article 300 of the Constitution of India, the legal name of the Government of India is –
(A) The Union Government
(B) The Union of India
(C) India
(D) Bharat

82. Which of the following Article is related to the appointment of a Finance Commission by the President of India ?
(A) 200 (B) 250
(C) 280 (D) None of the above

83. The Parliament of India has the 'Power to Legislate' for the following –
1. Union of India
2. Territory of India
3. Indian subject resident and their property situated anywhere in the world

Select the correct answer from the code given below :

Code :

(A) Only 1 (B) 1 and 2 only
(C) 2 and 3 only (D) 1, 2 and 3

84. Which one of following city was not among the top three cleanest cities in more than one lakh population category in Swachh Survekshan 2021 ?
(A) Indore (B) Surat
(C) Tirupati (D) Vijayawada

79. एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम (ए.डी.पी.) नीति आयोग ने..... में शुरू किया था
(A) जनवरी 2016
(B) जनवरी 2017
(C) जनवरी 2018
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

80. भूटान ने दिसम्बर 2021 में, निम्नलिखित में से किस देश के प्रधानमंत्री को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' प्रदान किया ?
(A) भारत (B) मंगोलिया
(C) नेपाल (D) थाईलैंड

81. भारत के संविधान के अनुच्छेद 300 के अनुसार, भारत की सरकार का कानूनी नाम है –
(A) द यूनियन गवर्नमेंट (B) द यूनियन ऑफ इण्डिया
(C) इण्डिया (D) भारत

82. निम्नलिखित में से कौनसा अनुच्छेद, भारत के राष्ट्रपति द्वारा वित्त आयोग की नियुक्ति से संबंधित है ?
(A) 200
(B) 250
(C) 280
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

83. भारत की संसद को 'कानून निर्माण की शक्ति' निम्नलिखित के लिए प्राप्त है –
1. भारत का संघ
2. भारत का प्रदेश/उपप्रदेश (डोमिनियन)
3. विश्व में कहीं भी रहने वाले भारतीय नागरिक एवं उनकी संपत्ति

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(A) केवल 1 (B) केवल 1 और 2
(C) केवल 2 और 3 (D) 1, 2 और 3

84. निम्नलिखित में से कौन सा शहर स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में एक लाख से अधिक जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष तीन सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल नहीं था ?
(A) इंदौर (B) सूरत
(C) तिरुपति (D) विजयवाड़ा

85. With reference to 'Lake Victoria in Africa', which of the following statements is/are correct ?
(1) The lake is surrounded by four countries.
(2) It is situated in the African rift valley.
Select the correct answer using the code given below :
Code :
(A) Only 1 (B) Only 2
(C) Both 1 and 2 (D) Neither 1 nor 2

86. In a queue of boys, Sohan is 9th from the back and Ramesh is 8th from the front. Rohit is standing in between the two. What could be the minimum number of boys standing in the queue ?
(A) 10 (B) 12
(C) 14 (D) 15

87. With reference to trade, which of the following statements is/are correct ?
(1) It represents demand and supply both.
(2) It deals with only the demand side.
Select the correct answer using the code given below :
Code :
(A) Only 1 (B) Only 2
(C) Both 1 and 2 (D) Neither 1 nor 2

88. Antibiotics are mostly obtained from –
(A) Fungi (B) Viruses
(C) Bacteria (D) Angiosperms

89. Which of the following is not correctly matched ?
(A) Maize – Tasseling
(B) Groundnut – Pegging
(C) Chickpea – Tillering
(D) Tobacco – Topping

90. Which one of the following country was not part of exercise 'Sea Dragon 2022' that started in the Pacific Ocean in January 2022 ?
(A) India (B) Japan
(C) Philippines (D) South Korea

85. 'अफ्रीका में विक्टोरिया झील' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
(1) यह झील चार देशों से घिरी हुई है ।
(2) यह अफ्रीकी भ्रंश घाटी में स्थित है ।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :
कूट :
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) दोनों 1 और 2 (D) न तो 1 और न ही 2

86. लड़कों की एक पंक्ति में, सोहन पीछे से 9वें स्थान पर हैं, रमेश आगे से 8वें स्थान पर है । रोहित उन दोनों के बीच में है । पंक्ति में खड़े लड़कों की न्यूनतम संख्या क्या हो सकती है ?
(A) 10 (B) 12
(C) 14 (D) 15

87. व्यापार के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
(1) यह मांग और आपूर्ति दोनों का प्रतिनिधित्व करता है ।
(2) यह केवल मांग पक्ष से सम्बन्धित है ।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
कूट :
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) दोनों 1 और 2 (D) न तो 1 और ना ही 2

88. एन्टी बायोटिक्स अधिकांशत : प्राप्त होते हैं –
(A) कवकों से (B) विषाणुओं से
(C) जीवाणुओं से (D) आवृतबीजियों से

89. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है ?
(A) मक्का – नर मंजरी निकालना
(B) मूंगफली – खूंटी बनना
(C) काबुली चना – किल्ले निकालना
(D) तम्बाकू – शीर्ष कर्तन

90. निम्नलिखित में से कौन सा देश, जनवरी 2022 में प्रशान्त महासागर में शुरू हुए युद्धाभ्यास 'सी ड्रैगन 2022' में शामिल नहीं था ?
(A) भारत (B) जापान
(C) फिलीपींस (D) दक्षिण कोरिया

91. Who among the following was not a nationalist poet in pre-independence India ?
(A) Ranglal
(B) Nabin Chandra Sen
(C) Hem Chandra Banerjee
(D) Shiv Kumar Batalvi

92. With reference to 'Alaska' which of the following statements is/are correct ?
(1) It is oil producing state of United States of America.
(2) It was purchased from Russians in 1867.
Select the correct answer using the code given below :
Code :
(A) Only 1 (B) Only 2
(C) Both 1 and 2 (D) Neither 1 nor 2

93. Who among the following was appointed as the tenth Chairman of the Indian Space Research Organisation (ISRO) in January 2022 ?
(A) P.L.N. Raju (B) V. Hari Prasad
(C) C. Jagannathan (D) S. Somanath

94. 'Stand-up-India' scheme for promoting entrepreneurship is related to –
(A) Minorities (B) OBC
(C) Handicapped (D) Women, SC and ST

95. Which of the following countries from South Asia attended the Summit for Democracy hosted by the President of the United States of America in December 2021 ?
(A) India, Nepal and Maldives
(B) India, Pakistan and Nepal
(C) India, Sri Lanka and Maldives
(D) India, Bhutan and Nepal

96. If MET, SET and TET are coded as 52, 76 and 80 respectively, then what will be the code for PET ?
(A) 48 (B) 56
(C) 64 (D) 72

91. निम्नलिखित में से कौन स्वाधीनता पूर्व भारत का राष्ट्रवादी कवि नहीं था ?
(A) रंगलाल (B) नबीन चन्द्र सेन
(C) हेम चन्द्र बनर्जी (D) शिव कुमार बटालवी

92. 'अलास्का' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
(1) यह संयुक्त राज्य अमेरिका का तेल उत्पादक राज्य है ।
(2) इसे 1867 में रूसियों से खरीदा गया था ।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
कूट :
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) दोनों 1 और 2 (D) न तो 1 और ना ही 2

93. जनवरी 2022 में, निम्नलिखित में से किसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के दसवें अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया ?
(A) पी.एल.एन. राजू (B) वी. हरि प्रसाद
(C) सी. जगन्नाथन (D) एस. सोमनाथ

94. उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु योजना 'स्टैन्ड-अप-इन्डिया' सम्बंधित है –
(A) अल्पसंख्यक से
(B) ओ.बी.सी. से
(C) दिव्यांग से
(D) महिला, एस.सी. और एस.टी. से

95. दिसम्बर 2021 में संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा आयोजित लोकतंत्र के शिखर सम्मेलन में दक्षिण एशिया के निम्नलिखित में से कौन से देश शामिल हुए ?
(A) भारत, नेपाल और मालदीव
(B) भारत, पाकिस्तान और नेपाल
(C) भारत, श्रीलंका और मालदीव
(D) भारत, भूटान और नेपाल

96. यदि MET, SET और TET को क्रमश : 52, 76 और 80 से कूट किया जाए, तो PET का कूट क्या होगा ?
(A) 48 (B) 56
(C) 64 (D) 72

97. Which among the following was the first successfully cloned animal ?
(A) Dog (B) Rabbit
(C) Gibbon (D) Sheep

98. What was the disinvestment target for Public Sector Banks and Financial Institutions in the Union Budget 2020-21 ?
(A) ₹ 80,000 crore (B) ₹ 90,000 crore
(C) ₹ 100,000 crore (D) None of the above

99. Central Institute of Medicinal and Aromatic Plants is situated at which of the following place ?
(A) Lucknow (B) Varanasi
(C) Gorakhpur (D) None of the above

100. With reference to 'Indonesia', which of the following statements is/are correct ?
(1) It comprises of over 15,000 islands.
(2) It has over 150 active volcanoes.
Select the correct answer using the code given below :
Code :
(A) Only 1 (B) Only 2
(C) Both 1 and 2 (D) Neither 1 nor 2

101. As per the fourth edition of State Health Index released by the NITI Aayog in December 2021, which one of the following states performed best among the 'Smaller States' category ?
(A) Goa (B) Manipur
(C) Mizoram (D) Sikkim

102. Turmeric is an example of underground stem, known as –
(A) Bulb (B) Tuber
(C) Corm (D) Rhizome

103. What is cholesterol among the following ?
(A) Steroid (B) Vitamin
(C) Enzyme (D) Insecticide

97. निम्नलिखित में से कौनसा प्रथम सफल क्लोन्ड जानवर है ?
(A) कुत्ता (B) खरगोश
(C) गिबन (D) भेड़

98. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों हेतु केन्द्रीय बजट 2020-21 में विनिवेश का लक्ष्य क्या था ?
(A) 80,000 करोड़ रु.
(B) 90,000 करोड़ रु.
(C) 100,000 करोड़ रु.
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

99. केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है ?
(A) लखनऊ
(B) वाराणसी
(C) गोरखपुर
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

100. 'इंडोनेशिया' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
(1) इसमें 15,000 से अधिक द्वीप शामिल हैं ।
(2) इसमें 150 से अधिक सक्रिय ज्वालामुखी हैं ।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
कूट :
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) दोनों 1 और 2 (D) न तो 1 और न ही 2

101. दिसम्बर 2021 में नीति आयोग द्वारा जारी राज्य स्वास्थ्य सूचकांक के चौथे संस्करण में, निम्नलिखित राज्यों में से किसने 'छोटे राज्यों' की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया ?
(A) गोवा (B) मणिपुर
(C) मिजोरम (D) सिक्किम

102. हल्दी भूमिगत तनें का उदाहरण है, जिसे कहते हैं –
(A) बल्ब (B) ट्यूबर
(C) कॉर्म (D) राइजोम

103. कोलेस्ट्रॉल निम्नलिखित में से क्या है ?
(A) स्टेरॉयड (B) विटामिन
(C) उत्प्रेरक (D) कीटनाशक

104. With reference to 'National Parks and Wildlife Sanctuaries in India', which of the following statements is/are correct ?
(1) Highest number of national parks are in Madhya Pradesh.
(2) Highest number of wildlife sanctuaries are in the Andaman and Nicobar Islands.
Select the correct answer using the code given below :
Code :
(A) Only 1 (B) Only 2
(C) Both 1 and 2 (D) Neither 1 nor 2

105. Which of the following two states are the leading producer of bauxite in India, as per the Annual Report of the Ministry of Mines, 2020-21 ?
1. Odisha
2. Andhra Pradesh
3. Chhattisgarh
4. Gujarat
Select the correct answer using the code given below :
Code :
(A) 1 and 2 (B) 1 and 3
(C) 1 and 4 (D) 2 and 4

106. To reduce the interest payment on the Electricity sector, which scheme has been launched by the Government of India ?
(A) UJALA Scheme (B) Urja Ganga Scheme
(C) UDAY Scheme (D) Saubhagya Scheme

107. In the following table, the missing number 'x' is –
3 4 6
8 x 14
18 20 24
(A) 9 (B) 10
(C) 11 (D) 12

108. Which one of the following gases is used in manufacturing of polythene ?
(A) Ethylene (B) Carbon-di-oxide
(C) Nitrogen (D) Carbon monoxide

104. 'भारत में राष्ट्रीय उद्यानों एवं वन्यजीव अभ्यारण्यों' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
(1) राष्ट्रीय उद्यानों की सबसे अधिक संख्या मध्य प्रदेश में है ।
(2) वन्यजीव अभ्यारण्यों की सबसे अधिक संख्या अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह में है ।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चुनाव कीजिए :
कूट :
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) दोनों 1 और 2 (D) न तो 1 और ना ही 2

105. खान मंत्रालय की 2020-21 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन से दो राज्य भारत में बॉक्साइट के प्रमुख उत्पादक हैं ?
1. ओडिशा
2. आंध्र प्रदेश
3. छत्तीसगढ़
4. गुजरात
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
कूट :
(A) 1 और 2 (B) 1 और 3
(C) 1 और 4 (D) 2 और 4

106. ऊर्जा क्षेत्र पर ब्याज भुगतान भार कम करने हेतु भारत सरकार ने कौन सी योजना प्रारम्भ की है ?
(A) उजाला योजना (B) ऊर्जा गंगा योजना
(C) उदय योजना (D) सौभाग्य योजना

107. निम्न सारिणी में, लुप्त संख्या x है –
3 4 6
8 x 14
18 20 24
(A) 9 (B) 10
(C) 11 (D) 12

108. पॉलीथीन बनाने में निम्नलिखित में से किस गैस का उपयोग होता है ?
(A) एथिलीन (B) कार्बन-डाई-ऑक्साइड
(C) नाइट्रोजन (D) कार्बन मोनोऑक्साइड

109. According to the Constitution of India, the 'Executive Power of the Union' shall be vested in the
1. President
2. Prime Minister

Select the correct answer from the code given below :

Code :

(A) Only 1 (B) Only 2
(C) Both 1 and 2 (D) Neither 1 nor 2

110. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below the lists :

List-I (Minimum Qualification of Age)	**List-II (Office/Post)**
A. 21 years	1. President of India
B. 25 years	2. Member of Panchayat
C. 30 years	3. Member of State Legislative Assembly
D. 35 years	4. Member of State Legislative Council

Code :

(A) A-2, B-3, C-4, D-1 (B) A-1, B-2, C-4, D-3
(C) A-2, B-1, C-3, D-4 (D) A-4, B-1, C-2, D-3

111. With reference to the 'Galapagos Islands' situated in the Pacific Ocean, which of the following statements is/are correct ?
(1) They are formed due to volcanic activity.
(2) They are part of South American nation Peru.

Select the correct answer using the code given below :

Code :

(A) Only 1 (B) Only 2
(C) Both 1 and 2 (D) Neither 1 nor 2

109. भारत के संविधान के अनुसार, 'केन्द्र की कार्यपालिका शक्ति' निम्नलिखित में निहित है –
1. राष्ट्रपति
2. प्रधानमंत्री

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूट :

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) दोनों 1 और 2 (D) न तो 1 और ना ही 2

110. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए

सूची-I (न्यूनतम आयु अर्हता)	**सूची-II (ऑफिस/पद)**
A. 21 वर्ष	1. भारत के राष्ट्रपति
B. 25 वर्ष	2. पंचायत सदस्य
C. 30 वर्ष	3. राज्य विधानसभा सदस्य
D. 35 वर्ष	4. राज्य विधान परिषद सदस्य

कूट :

(A) A-2, B-3, C-4, D-1 (B) A-1, B-2, C-4, D-3
(C) A-2, B-1, C-3, D-4 (D) A-4, B-1, C-2, D-3

111. प्रशांत महासागर में स्थित 'गैलापागोस द्वीपसमूह' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
(1) इनकी उत्पत्ति ज्वालामुखी गतिविधि के द्वारा हुई है ।
(2) ये दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र पेरू का हिस्सा है ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) दोनों 1 और 2 (D) न तो 1 और ना ही 2

112. India is the largest producer of which of the following fruits in the world as per the Annual Report of the Department of Agriculture Co-operation and Farmers Welfare, Government of India, 2020-21 ?
1. Grapes
2. Mango
3. Orange
4. Papaya

Select the correct answer using the code given below :

Code :

(A) 1 and 2 (B) 1 and 3
(C) 2 and 3 (D) 2 and 4

113. With reference to the statue of 'Nataraja the Lord of Dance', which of the following statements is/are correct ?
1. The image represents dancing Shiva having four hands.
2. In his right ear, he wears a man's earring, a woman's in the left.

Select the correct answer using the code given below :

Code :

(A) Only 1 (B) Only 2
(C) Both 1 and 2 (D) Neither 1 nor 2

114. If 44 × 75 = 7454, 83 × 74 = 7348 and 55 × 48 = 4585, then 14 × 45 will be equal to –

(A) 4145 (B) 4415
(C) 4451 (D) 4154

115. As 'Part' is related to 'Whole', in the same way 'Arc' is related to, which of the following ?

(A) Area (B) Chord
(C) Circumference (D) Segment

116. Uttar Pradesh Council of Agricultural Research is located at which of the following place ?

(A) Lucknow (B) Meerut
(C) Gorakhpur (D) None of the above

112. भारत सरकार के कृषि सहयोग एवं किसान कल्याण विभाग की वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 के अनुसार भारत विश्व में, निम्नलिखित में से किन फलों का सबसे बड़ा उत्पादक है ?
1. अंगूर
2. आम
3. संतरा
4. पपीता

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चुनाव कीजिए :

कूट :

(A) 1 और 2 (B) 1 और 3
(C) 2 और 3 (D) 2 और 4

113. 'नटराज नृत्य के भगवान' की मूर्ति के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
1. यह मूर्ति नृत्य करते हुए चार हाथों वाले शिव का प्रतिनिधित्व करती है ।
2. अपने दायें कान में, वह एक पुरुष का कुंडल पहने हैं, बायें में एक महिला का ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए

कूट :

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) दोनों 1 और 2 (D) न तो 1 और ना ही 2

114. यदि 44 × 75 = 7454, 83 × 74 = 7348 और 55 × 48 = 4585, तो 14 × 45 बराबर होगा –

(A) 4145 (B) 4415
(C) 4451 (D) 4154

115. जिस प्रकार 'भाग' (Part) 'संपूर्ण' (Whole) से सम्बन्धित है, उसी प्रकार 'चाप' (Arc) निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?

(A) क्षेत्रफल (B) जीवा
(C) परिधि (D) खण्ड

116. उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है ?

(A) लखनऊ
(B) मेरठ
(C) गोरखपुर
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

117. With reference to Rhine river in Europe, which of the following statements is/are correct ?
(1) Rhine river is an important pathway for industrial activity in Northern Germany.
(2) Port of Rotterdam is located at the mouth of Rhine river.
Select the correct answer using the code given below :
Code :
(A) Only 1 (B) Only 2
(C) Both 1 and 2 (D) Neither 1 nor 2

118. With reference to the India International Trade Fair-2021, which of the following statements is/are correct ?
(1) It was organised in November 2021 at Jaipur, Rajasthan.
(2) Main theme of the event was 'Atmanirbhar Bharat'.
Select the correct answer from the code given below :
Code :
(A) Only 1 (B) Only 2
(C) Both 1 and 2 (D) Neither 1 nor 2

119. When was India's first National Action Plan on climate change released ?
(A) 2012 (B) 2015
(C) 2008 (D) 2000

120. Which one of the following is not correctly matched ?
(Place) — (Districts of Uttar Pradesh)
(A) Bateshwar – Agra
(B) Deva Sharif – Jaunpur
(C) Sankisa – Farrukhabad
(D) Bithoor – Kanpur

117. यूरोप में राइन नदी के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
(1) राइन नदी, उत्तरी जर्मनी की औद्योगिक गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है ।
(2) रॉटरडैम का बंदरगाह राइन नदी के मुहाने पर स्थित है ।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :
कूट :
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) दोनों 1 और 2 (D) न तो 1 और ना ही 2

118. भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2021 के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
(1) इसका आयोजन नवंबर 2021 में जयपुर, राजस्थान में किया गया था ।
(2) आयोजन का मुख्य विषय 'आत्मनिर्भर भारत' था ।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
कूट :
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) दोनों 1 और 2 (D) न तो 1 और ना ही 2

119. भारत के प्रथम जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना को कब लागू किया गया ?
(A) 2012 (B) 2015
(C) 2008 (D) 2000

120. निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है ?
(स्थान) — (उत्तर प्रदेश के जिले)
(A) बटेश्वर – आगरा (B) देवा शरीफ – जौनपुर
(C) संकिसा – फर्रुखाबाद (D) बिठूर – कानपुर

प्रश्न-पत्र 2 – सामान्य हिन्दी एवं प्रारूप लेखन

भाग-1 परम्परागत – 100 अंक, 2½ घंटे

1. गद्यांश – शीर्षक, सारांश एवं रेखांकित अंशों की व्याख्या (21 अंक)

1. निम्नलिखित गद्य–अवतरण को ध्यान से पढ़कर उससे सम्बद्ध प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

शिक्षा का अर्थ है जीना सीखने की कला । हम जीते हैं समाज में, अत : शिक्षा का मूल स्रोत है समाज । इस प्रकार शिक्षा और समाज का परस्पर घनिष्ठ संबंध है । शिक्षा व शिक्षण-संस्थाओं का समाज में विशेष महत्त्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि यहीं से भावी नागरिक ढल कर निकलते हैं । आज समाज के मूल रूप को परिष्कृत करने हेतु नैतिक शिक्षा के प्रश्न पर विशेष बल दिया जाने लगा है । यह आवश्यकता अनुभव की गयी है कि हमारी मान्यताओं का स्खलन हो रहा है । सामाजिक जीवन में जो अनैतिकता दिनों-दिन बढ़ती जा रही है उसका मूल कारण नैतिक शिक्षा का अभाव है । आज हमने भौतिक उन्नति को एकमात्र उद्देश्य बना लिया है । हम भौतिकवादी से अति-भौतिकवादी होते जा रहे हैं और यही कारण है कि विफलताएं हमारे मार्ग को अवरुद्ध करती जा रही हैं । अपेक्षित है कि नैतिक मूल्यों की

शिक्षा दी जाए अन्यथा समाज में अपराध-प्रवृत्ति निरंतर बढ़ती रहेगी । यदि हम जीवन में सामंजस्य स्थापित करना चाहते हैं, तो भौतिक प्रगति के साथ-साथ आध्यात्मिक प्रगति को भी जागरूक बनाए रखना आवश्यक है । आज विद्यार्थियों में व्याप्त अनुशासनहीनता, निराशा एवं हतोत्साह के प्रमुख कारण मानसिक एवं आध्यात्मिक अनुशासन का अभाव है । अतएव विद्यार्थियों में प्रारंभ से ही चरित्रनिर्माण एवं देशभक्ति की भावना जाग्रत करने के लिए उनमें दृढ़ संस्कारों का निर्माण करने के लिए नैतिक शिक्षा देना अति आवश्यक है । नैतिक शिक्षा के बिना स्वस्थ समाज की कल्पना असंभव है ।

(क) प्रस्तुत गद्य–अवतरण का उपयुक्त शीर्षक लिखिए । (3)

(ख) प्रस्तुत गद्य–अवतरण का सारांश लिखिए । (6)

(ग) प्रस्तुत गद्य–अवतरण के रेखांकित अंशों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए । (12)

[रेखांकित अंश : (1) 'शिक्षा का अर्थ … मूल स्रोत है समाज ।' (2) 'सामाजिक जीवन … नैतिक शिक्षा का अभाव है ।' (3) 'यदि हम … रखना आवश्यक है ।']

2. किसी सरकारी पत्र का सारणी रूप में सारांश (15 अंक)

2. निम्नलिखित सरकारी पत्र का सारिणी रूप (tabular form) में सार लिखिए–

पत्रांक : 725(2)/12(क)/21-22

प्रेषक,

सचिव, शिक्षा विभाग

उत्तर प्रदेश सरकार

लखनऊ ।

सेवा में,

शिक्षा निदेशक,

उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश

प्रयागराज

लखनऊ, दिनांक : 20 जनवरी, 22

विषय : अनुमोदित शिक्षकों के स्थायीकरण के संबंध में ।

महोदय,

मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा अनुमोदित होने के उपरान्त विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में अस्थायी रूप से कार्य करते हुए जिन शिक्षकों को तीन वर्ष से अधिक हो गए हों, उनके स्थायीकरण की अविलंब कार्यवाही करें । जिन शिक्षकों की गोपनीय आख्या प्रतिकूल है, उनका स्थायीकरण अभी रोक दिया जाए ।

भवदीय,

अ ब स

पृष्ठांकन सं 725(2)/12(क)/21-22, दिनांक 20 जनवरी, 22

प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

समस्त राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने अधीन कार्यरत ऐसे शिक्षकों की सूची शिक्षा निदेशालय को अविलंब भेजें, जो लोक सेवा आयोग द्वारा अनुमोदित हैं और जिन्हें कार्य करते हुए तीन वर्ष से अधिक हो गए हैं, परन्तु अभी तक उनके स्थायीकरण के आदेश नहीं हुए हैं ।

3. पत्राचार – शासकीय/अर्द्धशासकीय पत्र, कार्यालय ज्ञाप/परिपत्र, विज्ञप्ति/प्रतिवेदन/अनुस्मारक (24 अंक)

3(a). अर्द्धशासकीय पत्र का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसका लिखित प्रारूप प्रस्तुत कीजिए ।

3(b). कार्यालय आदेश किसे कहते हैं ? इसका एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए ।

3(c). विज्ञप्ति का आशय स्पष्ट करते हुए इसका एक उदाहरण लिखिए ।

4(i) पारिभाषिक शब्दावली – अंग्रेज़ी से हिन्दी (10 अंक)

4(a). निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी रूप लिखिए-

(1) PROVISO

(2) BY - LAW
(3) ABANDONMENT
(4) CORRIGENDUM
(5) CADRE

4(ii) पारिभाषिक शब्दावली – हिन्दी से अंग्रेज़ी (10 अंक)

4(b). निम्नलिखित हिन्दी शब्दों के अंग्रेजी रूप लिखिए-
(1) उल्लंघन
(2) अनुलग्नक
(3) लागू नहीं
(4) विधानकारी संधि
(5) प्रत्युत्तर

4(iii) मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ (10 अंक)

4(c). निम्नलिखित मुहावरों-लोकोक्तियों का अर्थ लिखते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए–
(1) टाट बाहर करना
(2) तालू में दाँत जमना
(3) सब्जबाग दिखाना
(4) उतर गई लोई तो क्या करेगा कोई
(5) कै हंसा मोती चुगै, कै भूखा मर जाय

5. कम्प्यूटर ज्ञान (10 अंक)

5. कम्प्यूटर संबंधी निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए–
(क) ऑपरेटिंग सिस्टम से क्या अभिप्राय है ? वर्तमान परिदृश्य में उपयोग किए जाने वाले लोकप्रिय ऑपरेटिंग सिस्टम कौन से हैं ?
(ख) WWW क्या है ? इसकी उपयोगिता बताइए ।
(ग) इंटरनेट ब्राउजर क्या है ? उदाहरण के साथ समझाएं ।
(घ) कम्प्यूटर में कितने प्रकार की मेमोरी होती है ? RAM तथा ROM में क्या अंतर है ?
(ङ) https क्या है ? इसके उद्देश्य क्या हैं ?

प्रश्न-पत्र 2 – सामान्य हिन्दी एवं प्रारूप लेखन

भाग-2 सामान्य शब्दावली (वस्तुनिष्ठ) – 30 प्रश्न, 60 अंक, ½ घंटा

1. निम्नलिखित में कौन सा वाक्य अशुद्ध है ?
(A) इसका तात्कालिक प्रभाव पड़ा ।
(B) पत्र किसके नाम पर लिखा गया है ।
(C) एक रुपये में कितने पैसे होते हैं ?
(D) भारत एक समृद्धिशाली देश है ।

2. इनमें से विलोम शब्दों का गलत युग्म है –
(A) आविर्भाव - विभाव (B) अपराधी - निरपराध
(C) उन्मूलन - रोपण (D) विहित - निषिद्ध

3. तत्सम और उसके तद्भव रूप की दृष्टि से नीचे लिखे विकल्पों में कौन-सा विकल्प गलत है ?
(A) आर्द्रक - गीला (B) आदित्यवार - इतवार
(C) उद्वलन - उगलना (D) उद्घाटन - उघाड़ना

4. निम्नलिखित में कौन सा वाक्य शुद्ध है ?
(A) मेरे लिए ठंडी बर्फ और गर्म आग लाओ ।
(B) व्यायाम करना चाहिए जिससे कि स्वस्थ्य रहें ।
(C) एक-एक करके सभी मर गए ।
(D) तुम्हारा यह कहना मेरे लिए बड़ी बात होगी ।

5. निम्नलिखित में एक तथ्य गलत है –
(A) विशेषण से संज्ञा की व्याप्ति परिमित हो जाती है ।
(B) जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है, उसे विशेषण कहते हैं ।
(C) प्रयोग की स्थिति के आधार पर 'अंकित' शब्द विशेषण और विशेष्य दोनों है ।
(D) विशेषण शब्द सदैव विशेष्य के पहले प्रयुक्त होता है, विशेष्य के बाद कभी प्रयुक्त नहीं होता ।

6. संख्यावाचक विशेषण 'चौगुना' इनमें से है –
(A) क्रमवाचक विशेषण (B) आवृत्तिवाचक विशेषण
(C) गणनावचक विशेषण (D) समुदायवाचक विशेषण

7. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द मूल रूप से विशेषण है ?
(A) पतला (B) अर्थ
(C) परिवार (D) परलोक

8. इनमें से विशेषण शब्द नहीं है –
(A) अकूत (B) अकर्ण
(C) अचार (D) अचंड

9. 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' के नीचे लिखे विकल्पों में कौन-सा विकल्प गलत है ?
(A) जंगल की आग – दावानल
(B) समुद्र की आग – बड़वानल
(C) पेट की आग – जठराग्नि
(D) आदि से अन्त तक – अनंत

10. 'अपनी विवाहिता स्त्री से उत्पन्न पुत्र' - इन अनेक शब्दों के लिए एक शब्द है –
(A) जरायुज (B) जारज
(C) दत्तक (D) औरस

11. 'आवाँ' का तत्सम रूप होगा –
(A) आग (B) अग्नि
(C) आव (D) आपाक

12. इनमें से 'सरल' शब्द का विलोम नहीं है –
(A) विरल (B) वक्र
(C) कुटिल (D) कठिन

13. 'जो ज्ञात इतिहास से पहले का हो' के लिए एक शब्द है –
(A) अनैतिहासिक (B) ऐतिहासिक
(C) प्रागैतिहासिक (D) इनमें से कोई नहीं

14. 'जो अचानक आँखों से ओझल हो गया हो' - इन अनेक शब्दों के लिए एक शुद्ध शब्द है –
(A) अन्तर्ध्यान (B) अन्तरध्यान
(C) अन्तर्धान (D) अन्तरधान

15. निम्नलिखित में विलोम शब्दों का सही युग्म है –
(A) आग्रह - विग्रह (B) गणतन्त्र - लोकतन्त्र
(C) आकीर्ण - विकीर्ण (D) थोक - परचून

16. निम्नलिखित में से एक अशुद्ध वाक्य है –
(A) पूज्यास्पद व्यक्ति का सम्मान करना चाहिए ।
(B) दक्षिण भारत के लोग हिन्दीतर भाषी हैं ।
(C) सुरेखा ने गीत की दो-चार कड़ियाँ गायीं ।
(D) अब परीक्षा-प्रणाली बदलनी चाहिए ।

17. 'उपत्यका' का विलोम शब्द है –
(A) अनुत्यका (B) अधित्यका
(C) उचत्यका (D) अपत्यका

18. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है ?
(A) सृष्टी (B) अनधिकार
(C) अभ्यंतरिक (D) समुद्रिक

19. 'जो बायें हाथ से सधा हुआ है' के लिए एक शब्द है –
(A) सव्यसाची (B) वामपंथी
(C) वज्रपाणि (D) वीणापाणि

20. इनमें से तत्सम - तद्भव का एक शब्द युग्म अशुद्ध है, वह है –
(A) इच्छिका - छाछ (B) ईख - इक्खु
(C) उद्वर्तन - उबटन (D) गोमय - गोबर

21. 'मसृण' का विपरीतार्थक शब्द होगा –
(A) सुकुमार (B) चिक्कण
(C) रुक्ष (D) नरम

22. निम्नलिखित में तत्सम - तद्भव का गलत युग्म है –
(A) सुघट्ट - सुघड़ (B) ज्ञातिगृह - नैहर
(C) पण्यशालिक - पनसारी (D) प्रतिवेशी - मवेशी

23. 'मोक्ष पाने की इच्छा करने वाला' इन अनेक शब्दों के लिए शुद्ध शब्द इनमें से है –
(A) तितिक्षा (B) तितीर्षु
(C) तितिक्षु (D) मरजीवा

24. अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(A) उँगली (B) बाँस
(C) पांचवां (D) दाँत

25. वर्तनी की दृष्टि से निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है –
(A) अनुग्रहीत (B) अनूग्रहीत
(C) अनुगृहीत (D) अनुगृहित

26. निम्नलिखित में 'तद्भव' शब्द है –
(A) भांडार (B) कुक्कुर
(C) कटुक (D) मयंद

27. 'वह बहुत खाता है' इस वाक्य में प्रयुक्त 'बहुत' शब्द इनमें से है –
(A) अपूर्णांक बोधक विशेषण
(B) परिमाण बोधक विशेषण
(C) निश्चित संख्यावाचक विशेषण
(D) तुलनात्मक विशेषण

28. इनमें से तत्सम - तद्भव का शुद्ध युग्म है –
(A) श्रेष्ठ - सेठ (B) अरहट्ट - रहट
(C) कंकती - कंघी (D) मिष्ठ - मीठा

29. निम्नलिखित में 'अनघ' का विलोम है –
(A) निरघ (B) निष्पाप
(C) कृती (D) अघी

30. 'प्रविशेषण' को कामता प्रसाद गुरु ने इनमें से कहा है –
(A) अन्तर्विशेषण (B) सामान्य विशेषण
(C) बाह्य विशेषण (D) असामान्य विशेषण

प्रश्न-पत्र 3 – हिन्दी निबन्ध

परम्परागत – 3 निबन्ध, 120 अंक, 3 घंटे

प्रश्न 1 – (A) साहित्य एवं संस्कृति (B) सामाजिक क्षेत्र (C) राजनीतिक क्षेत्र (40 अंक) · 600 शब्द

1(a). साहित्य और संस्कृति का अंतर्संबंध

1(b). शिक्षा और नैतिक मूल्य

1(c). वर्तमान राजनीति का परिदृश्य और उसका भावी प्रभाव

प्रश्न 2 – (A) विज्ञान, पर्यावरण एवं प्रौद्योगिकी (B) आर्थिक क्षेत्र (C) कृषि एवं वाणिज्य (40 अंक) · 600 शब्द

2(a). समसामयिक परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण-परिरक्षण और प्रदूषण निवारण की महत्ता ।

2(b). गरीबी रेखा की तलाश सामाजिक समता का प्राथमिक प्रयास है

2(c). भारतीय जन-जीवन की विविध चुनौतियाँ

प्रश्न 3 – (A) राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय घटनाएँ (B) प्राकृतिक आपदाएँ (C) राष्ट्रीय विकास योजनाएँ (40 अंक) · 600 शब्द

3(a). तृतीय विश्वयुद्ध की आशंका और भारत की नीति

3(b). स्थानीय बनाम भूमण्डलीय

3(c). प्राकृतिक आपदाएँ और हमारी तैयारियाँ

NotesCafé
The Nxt Gen Study OS

Best for Self Study

for UPPCS and RO/ARO Aspirants

1. Topic-wise Study
2. Topic-integrated PYQs
3. Topic-integrated Current Affairs
4. Classes for Every Topic
5. Mock Test Mistakes Mapped to Topics

The Complete NotesCafe Loop

For Notes and Detailed Explanations, Login to

www.notes-cafe.com

About This Paper

What is this PDF? The RO/ARO Mains 2021 old-pattern previous year question paper of the Uttar Pradesh Public Service Commission (UPPSC) for Review Officer / Assistant Review Officer (RO/ARO), without answers or explanations.

Why is it useful for Prelims? In the old pattern, RO/ARO Mains had objective General Studies and General Vocabulary questions. In the 2026 pattern, objective questions are asked in Prelims, so these questions help Prelims 2026 practice. The General Hindi, Drafting and Essay questions help the new Mains.

What does it cover? 120 General Studies questions in English and Hindi, plus 9 General Hindi and Drafting questions and 30 General Vocabulary questions in Hindi, and 9 Hindi Essay topics.

Who is it for? Self-study practice for UPPCS and RO/ARO aspirants.

Where can I study these topics? NotesCafe (www.notes-cafe.com) brings together Topic-wise Study, Topic-integrated PYQs, Topic-integrated Current Affairs, Classes for Every Topic and Mock Test Mistakes Mapped to Topics. For notes and detailed explanations, login to www.notes-cafe.com.

यह PDF क्या है? UPPSC समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2021 (पुराना पैटर्न) का विगत वर्ष का प्रश्न पत्र, बिना उत्तर और व्याख्या के, UPPCS और RO/ARO अभ्यर्थियों के स्व-अध्ययन के लिए। इसके वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रारम्भिक परीक्षा 2026 की तैयारी में उपयोगी हैं। नोट्स और विस्तृत व्याख्या के लिए www.notes-cafe.com पर लॉगिन करें।

Disclaimer: Compiled for self-study; NotesCafe is not affiliated with UPPSC, and the official question paper prevails.